राष्ट्रीय संस्करण

दैनिक जागरण

वर्ष 3 अंक 170

मूल्य ₹6.00, नई दिल्ली, गुरुवार, 28 नवंबर 2019

www.jagran.com

पृष्ठ 16

शिखर धवन चोट के कारण बाहर, संजू को मौका

>> 14

सरोकार

शौचालयों, ट्रेनों में हैंडवॉश को सुलभ बनाएगी यह युक्ति

मेरठ : ट्रेन हों या सार्वजनिक शौचालय, अधिकांश जगहों पर हाथ धोने का साबुन (लिक्विड सोप) सुलभ नहीं होता। कहीं खत्म, तो कहीं होता ही नहीं। एमआइईटी ने समाधान प्रस्तुत कर दिखाया है। ताकि स्वच्छ भारत में स्वच्छता का अधिकार हर किसी को, हर जगह सुलभ हो। (पेज-10)

जागरण विशेष

उत्तराखंड में दयारा बुग्याल को सुरक्षा देंगे जूट के जाल

उत्तरकाशी : हिमालय की गोद में फैले औषधीय पौधों व घास के मैदानों (बुग्याल) को बचाने की पहल की जा रही है। शुरुआत हो रही है उत्तरकाशी में समुद्रतल से 10,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित दयारा बुग्याल से। (पेज-10)

न्यूज गैलरी

राज-नीति ▶ पृष्ठ 3

जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में भारी कमी : राजनाथ

नई दिल्ली : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद राज्य में आतंकवादी घटनाओं में भारी कमी आई है। बुधवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान विपक्षी दल के सदस्यों की तरफ से कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर रक्षा मंत्री ने स्वयं अपनी तरफ से यह जानकारी दी।

नेशनल न्यूज ▶ पृष्ठ 7

हरियाणा के चर्चित आइएएस खेमका का 53वां तबादला

चंडीगढ़ : हरियाणा के चर्चित आइएएस अधिकारी डॉ. अशोक खेमका पर फिर तबादले की गाज गिरी है। घपले-घोटालों को उजागर करने के लिए प्रसिद्ध खेमका को मनोहर लाल के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की ओर से पहला तबादला आदेश मिला है। ज्ञात हो, इसे मिलाकर 28 साल के कॅरियर में खेमका का यह 53वां तबादला है।

बिजनेस ▶ पृष्ठ 12

निजीकरण नहीं हुआ तो बंद हो जाएगी एयर इंडिया : पुरी

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने कहा है कि अगर सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया का निजीकरण नहीं हुआ तो इसका परिचालन बंद करना पड़ेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्यसभा में कहा, सरकार इस विमानन कंपनी में पूरी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है। 31 मार्च, 2020 तक इसके विनिवेश का लक्ष्य रखा गया है।

अंतरराष्ट्रीय ▶ पृष्ठ 13

ढाका कैफे आतंकी हमले में सात को मौत की सजा

ढाका : बांग्लादेश की विशेष अदालत ने राजधानी ढाका के एक कैफे पर 2016 में हुए आतंकवादी हमले के मामले में बुधवार को सात लोगों को मौत की सजा सुनाई। न्यायाधीश मुजीबुर रहमान ने कहा, दोषियों को तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उनकी मौत न हो जाए। बांग्लादेश के इस सबसे बड़े आतंकी हमले में भारतीय छात्रा समेत 20 लोगों की मौत हुई थी।

महाराष्ट्र में आज से ठाकरे राज

मिली सत्ता ▶ उद्धव आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, उपमुख्यमंत्री राकांपा और स्पीकर कांग्रेस का होगा

शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस के एक-एक या दो-दो प्रमुख नेता भी लेंगे शपथ

ओमप्रकाश तिवारी, मुंबई

महाराष्ट्र में आज से ठाकरे राज की शुरुआत होने जा रही है। पिछले एक माह में अनेक उलटफेर के बाद अंततः गुरुवार शाम 6.40 बजे उद्धव ठाकरे दादर स्थित शिवाजी पार्क में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण का मंच उस स्थल से चंद कदमों की दूरी पर होगा, जहां 2013 में उनके पिता शिवसेना संस्थापक बालासाहब ठाकरे की अंत्येष्टि की गई थी। उद्धव के साथ तीनों पार्टियों के एक-एक या दो-दो प्रमुख नेता भी शपथ ग्रहण करेंगे। मंत्रिमंडल का विस्तार विधानसभा में विश्वास मत के बाद होगा। सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद राकांपा और विधानसभा स्पीकर का पद कांग्रेस के पास रहने की संभावना है।

ठाकरे परिवार का कोई सदस्य पहली बार किसी संवैधानिक पद की शपथ लेने जा रहा है। वह भी धुर विरोधी कांग्रेस-राकांपा को साथ लेकर बन रही सरकार में। कांग्रेस-राकांपा-शिवसेना और कुछ छोटे दलों को मिलाकर बनी महाविकास अघाड़ी की शिवसेनानीत सरकार में 56 विधायकों वाली शिवसेना को राकांपा के 54, कांग्रेस के 44 विधायकों के अलावा सपा, प्रहार पार्टी, शेतकरी कामगार पक्ष, बहुजन विकास अघाड़ी जैसे कुछ छोटे दलों का भी समर्थन प्राप्त है।

आदित्य ने सोनिया-मनमोहन से मिलकर दिया निमंत्रण : यशवंतराव चह्वाण सेंटर में राकांपा के वरिष्ठ नेता शरद पवार की उपस्थिति में हुई महाविकास अघाड़ी की बैठक के तुरंत बाद उद्धव के पुत्र आदित्य दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वहां पहुंचकर उन्होंने सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह से मुलाकात की और उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इनके अलावा बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और द्रमुक नेता एमके स्टालिन को भी न्योता दिया गया है। साथ ही विभिन्न जिलों के करीब 400 किसानों को भी विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है।

फड़नवीस को देना पड़ा था इस्तीफा : चुनाव परिणाम आने के 34 दिन बाद बनने जा रही इस सरकार से पहले पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने बीते सप्ताह सीएम पद की शपथ ली थी। उन्हें राकांपा विधायक दल के नेता अजीत पवार ने अपने समर्थक विधायकों के साथ समर्थन का भरोसा दिलाया था, लेकिन परिवार के दबाव में अजीत को स्वयं उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस कारण फड़नवीस को भी न केवल अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा बल्कि भाजपा को भी किरकिरी का सामना करना पड़ा।

विस में सुप्रिया सुले ने किया विधायकों का स्वागत : बुधवार सुबह महाराष्ट्र विधानमंडल के विशेष सत्र में प्रोटेम स्पीकर बबनराव पाचपुते ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण के लिए विधानभवन पहुंचे विधायकों के स्वागत के लिए राकांपा सांसद एवं शरद पवार की पुत्री सुप्रिया सुले स्वयं खड़ी थीं। आदित्य ठाकरे और अपने भतीजे रोहित का उन्होंने गले लगाकर स्वागत किया। वहीं, घर वापसी करने वाले बड़े भाई अजीत पवार का उन्होंने गले लगकर और पैर छूकर स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस का भी प्रवेश के समय हाथ मिलाकर स्वागत किया।

ठाकरे राज (विशेष) पेज>>4

मुंबई में बुधवार को महाविकास अघाड़ी नेताओं की बैठक में हिस्सा लेने के बाद बाहर लोगों का अभिवादन करते शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे। प्रेट्र

अहमद पटेल बोले, सुलझ गए सारे मुद्दे

बुधवार शाम करीब चार घंटे चली महाविकास अघाड़ी की बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल सिर्फ यह कहकर आगे बढ़ गए कि बैठक में सारे मुद्दे सुलझ गए हैं। बाकी जानकारी गुरुवार को दी जाएगी।

> यह विद्रोह नहीं था। मैं राकांपा का नेता था। क्या राकांपा ने मुझे हटाया? क्या आपने कहीं पढ़ा? मैं यही कहता रहा हूं कि मैं राकांपा में था, राकांपा में हूं और राकांपा में ही रहूंगा। **- अजीत पवार, राकांपा नेता**

> राकांपा नेता अजीत पवार के भाजपा को समर्थन देने के मसले पर मैं सही समय आने पर बोलूंगा। **देवेंद्र फड़नवीस, कार्यवाहक मुख्यमंत्री**

शिवाजी पार्क में सुरक्षा के कड़े इंतजाम शिवाजी पार्क में शपथ ग्रहण की तैयारियां की जा रही हैं। सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए गए हैं। हालांकि मुंबई हाई कोर्ट ने इस नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह पर रोक नहीं लगाई है, लेकिन एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए इस तरह के भीड़भाड़ वाले समारोह में आमजन की सुरक्षा पर चिंता जरूर जताई है।

मप्र में नसबंदी के बाद 13 महिलाओं को फर्श पर लिटाया, छह को नोटिस

नईदुनिया, विदिशा : मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के ग्यारसपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी ऑपरेशन के बाद गंभीर लापरवाही सामने आयी है। पलंग उपलब्ध नहीं होने पर 13 महिलाओं को बरामदे में लिटा दिया गया। डीएम कौशलेंद्र सिंह के निर्देश पर प्रभारी सीएमएचओ डॉ. केएस अहिरवार ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) सहित छह को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को ग्यारसपुर में आयोजित नसबंदी शिविर में 41 महिलाओं के ऑपरेशन किए गए थे। स्वास्थ्य केंद्र में पलंग कम होने से 13 महिलाओं को बरामदे में बिस्तर बिछाकर लिटा दिया गया। मंगलवार को इसकी शिकायत मिलने पर प्रभारी सीएमएचओ डॉ. अहिरवार ने मौके पर जाकर जांच की। प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. बीपी शर्मा और स्टाफ ने बताया कि 41 महिलाओं के ऑपरेशन हुए थे, लेकिन 28 पलंग होने के कारण 13 महिलाओं को जमीन पर गद्दे बिछाकर लिटाया गया। डॉ. अहिरवार ने बताया कि जांच के बाद डीएचओ डॉ. हंसा शाह, प्रभारी बीएमओ बीपी शर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. टीएस मीणा और तीन स्टाफ नर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस का जवाब मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। डॉ. अहिरवार के मुताबिक, शिविर में महिलाओं की संख्या अधिक होने के कारण इस तरह की अव्यवस्था बनी थी। हालांकि, उन्होंने इसे लापरवाही नहीं माना। अधिकारियों के मुताबिक सभी महिलाओं को मंगलवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सभी स्वस्थ बताई जा रही हैं।

शाह बोले, स्टेटस सिंबल नहीं है एसपीजी की सुरक्षा

- एक्ट में संशोधन पर लगी लोकसभा की मुहर
- गृह मंत्री ने कहा- गांधी परिवार ने बगैर एसपीजी 600 बार यात्राएं कीं
- गांधी परिवार की सुरक्षा हटाई नहीं, अधिक कवर वाली जेड-प्लस दी है

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में एसपीजी विधेयक पर बोलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। एएनआइ

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

एसपीजी में संशोधन का बिल लोकसभा में पास हो गया। इनसंशोधनों के पीछे राजनीतिक विद्वेष की भावना के आरोप को बेबुनियाद बताते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने 2015 से अब तक एसपीजी को बताए बिना 600 बार यात्राएं की हैं। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शाह ने कहा कि एसपीजी को स्टेटस सिंबल के रूप में इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गांधी परिवार की सुरक्षा में कोई कमी नहीं की गई है, बल्कि बदली गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एसपीजी (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए बताया कि गांधी परिवार की ओर से किस तरह एसपीजी सुरक्षा का दुरुपयोग किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 के बाद राहुल गांधी ने एसपीजी को बिना बताए भारत में 1,892 बार और विदेश में 247 यात्राएं की हैं। इसीतरह सोनिया गांधी दिल्ली में 50 बार, देश के विभिन्न भागों में 13 बार और विदेश में 29 बार एसपीजी के बगैर घूमी हैं। प्रियंका गांधी एसपीजी कवर लिए बगैर दिल्ली में 339 दफा, देश के विभिन्न हिस्सों में 64 बार और विदेश में 94 बार घूमी हैं। बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि सुरक्षा में रहने वाले एक सदस्य तो रात के दो बजे लुटियन दिल्ली में 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाते हैं और उनकी सुरक्षा में तैनात कर्मी पीछे छूट जाते थे। उन्होंने कहा कि एसपीजी सुरक्षा को स्टेटस सिंबल के रूप में देखना सही नहीं है। सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गंभीरता का हवाला देते शाह ने कहा कि पिछले 20 सालों में उन्होंने एक बार भी सुरक्षा नियमों का उल्लंघन नहीं किया।

खतरे का आकलन दो बार किया : शाह ने बताया कि गांधी परिवार पर खतरे का दो बार आकलन करने के बाद उन्हें सीआरपीएफ की सुरक्षा देने का फैसला लिया। गांधी परिवार को अब भी पूरे देश में सीआरपीएफ की जेड प्लस सुरक्षा मिलेगी, जिसमें एंबुलेंस व गंतव्य पर पहले से छानबीन का प्रावधान शामिल है। उन्होंने कहा,कांग्रेस सिर्फ गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटाने के बाद क्यों हल्ला कर रही है। इसके पहले वीपी सिंह, नरसिम्हा राव, इंद्रकुमार गुजराल से लेकर मनमोहन सिंह की भी एसपीजी सुरक्षा हटाई थी, तब कांग्रेस ने कुछ नहीं कहा।

पुराने एक्ट के तहत हटाई सुरक्षा पेज>>3

अयोध्या फैसले पर पुनर्विचार याचिका नौ दिसंबर से पहले

- ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कर रहा है तैयारी
- जफरयाब जिलानी ने पुलिस-प्रशासन पर लगाया पक्षकारों को धमकाने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआइएमपीएलबी) अयोध्या मसले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका नौ दिसंबर से पहले दाखिल करेगा। बोर्ड याचिका को अंतिम रूप देने में लगा हुआ है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने नौ नवंबर को अयोध्या में विवादित स्थल राम लला को देने का निर्णय किया है। इसके बदले सुन्नी वक्फ बोर्ड को अयोध्या में दूसरे स्थान पर पांच एकड़ भूमि देने का निर्णय किया है। इसी निर्णय का मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड विरोध कर रहा है।

तैयारी अंतिम चरण में : बोर्ड के सचिव व बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के संयोजक जफरयाब जिलानी ने बताया कि पुनर्विचार याचिका की तैयारी अंतिम चरण में है। हमारे पास याचिका दाखिल करने के लिए नौ दिसंबर तक का समय है। इसलिए दिसंबर के पहले हफ्ते में पुनर्विचार याचिका दाखिल हो जाएगी। सुन्नी वक्फ बोर्ड के पुनर्विचार याचिका दाखिल न करने के फैसले पर उन्होंने कहा कि इससे पर्सनल लॉ बोर्ड को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

पुनर्विचार याचिका हमारा संवैधानिक अधिकार : उन्होंने कहा कि पुनर्विचार याचिका हमारा संवैधानिक अधिकार है। जिलानी ने आरोप लगाया कि पुनर्विचार याचिका दाखिल करने वाले मुस्लिम पक्षकारों को जिला प्रशासन व पुलिस धमका रही है। उन्हें जेल में बंद करने की धमकी दी जा रही है। इससे कई पक्षकार डरे हुए हैं। पुलिस व जिला प्रशासन के इस रवैये का भी उल्लेख पुनर्विचार याचिका में किया जाएगा। बोर्ड पुनर्विचार याचिका दाखिल करने वाले पक्षकारों के नामों की जानकारी फिलहाल नहीं देगा।

जफरयाब जिलानी फाइल फोटो

जमीयत का अरशद मदनी गुट भी दाखिल करेगा अर्जी

नई दिल्ली : मुस्लिम समाज के विभिन्न वर्ग से ही हो रहे विरोध के बाद भी जमीयत उलेमा-ए-हिंद का अरशद मदनी गुट पुनर्विचार याचिका के फैसले से पीछे हटने के मूड में नहीं है। जमीयत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ जल्द पुनर्विचार याचिका दाखिल किए जाने की तैयारी चल रही है। दिसंबर के पहले सप्ताह में याचिका दायर की जा सकती है। जमीयत के अध्यक्ष अरशद मदनी ने भी बताया है कि उनके नेतृत्व में कानून विशेषज्ञों और उलेमाओं के पांच सदस्यीय पैनल का गठन किया गया था, जिसने ड्राफ्ट को अंतिम रूप दे दिया है। (पेज-6)

झारखंड में भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

रांची : भाजपा ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपना संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र में पिछड़ों और महिलाओं का आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के साथ-साथ हर बालिका को केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा का वादा किया है। भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में जनजातीय विकास का संकल्प दोहराया है तो किसानों, युवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में विकास की उम्मीदें जताई हैं। औद्योगिक विकास की भी चिंता की गई है। (पेज-5)

मेरे खिलाफ कोई सुबूत नहीं, जमानत मिलनी चाहिए : चिदंबरम

नई दिल्ली : पिछले 99 दिनों से जेल में बंद पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने आइएनएक्स मीडिया मनी लांड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। कोर्ट स कांग्रेस नेता ने कहा कि उनके खिलाफ एक भी सबूत नहीं है उन्हें जेल में रखना ठीक नहीं है। बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री की जमानत याचिका पर बहस पूरी कर ली गई। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पक्ष रखेंगे। (पेज-5)

1144 करोड़ रुपये के सिटी सेंटर घोटाले में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर समेत सभी बरी

जागरण संवाददाता, लुधियाना

बहुचर्चित 1144 करोड़ रुपये के सिटी सेंटर घोटाले में पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह सहित सभी 36 आरोपितों को बरी कर दिया गया है। इनमें से पांच लोगों का निधन हो चुका है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरबीर सिंह की अदालत ने विजिलेंस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए 12 साल से चल रहे इस मामले में बुधवार को फैसला सुनाया। इस दौरान कोर्ट में मौजूद मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने उन पर लगे कथित आरोपों को आखिरकार खारिज कर दिया।

सेशन जज गुरबीर सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित नहीं हुए। मुख्यमंत्री और उनके परिवार द्वारा खरीदी गई जमीन उनके नाम पर है और उसे बेनामी संपत्ति नहीं कहा जा सकता। नगर सुधार ट्रस्ट लुधियाना के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय परमजीत सिंह सीबिया के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई सुबूत नहीं मिला परंतु उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की हिदायतों और राय की अनदेखी की। वहीं, नगर सुधार ट्रस्ट के पूर्व कार्यकारी अधिकारी दयाल चंद गर्ग के घर से बरामद 40 लाख रुपये की राशि का इस केस से कोई संबंध सामने नहीं आया।

- अदालत ने कहा, भ्रष्टाचार के आरोप साबित नहीं हुए
- 36 लोगों के खिलाफ 12 साल से चल रहा था मामला

> हमने 13 साल केस का सामना किया। अदालत ने हमें बेकसूर पाया और सभी को बरी कर दिया है। हमें शुरू से न्याय प्रणाली में पूरा भरोसा था। **- कैप्टन अमरिंदर सिंह, मुख्यमंत्री पंजाब।**

> आरोपितों को सजा दिलवाने के लिए सेशन कोर्ट के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। **- सिमरजीत सिंह बैंस, विधायक और अध्यक्ष लोक इंसाफ पार्टी।**

कैप्टन अमरिंदर सिंह और अन्य पर यह लगे थे आरोप

विजिलेंस ने कैप्टन अमरिंदर सिंह, उनके पुत्र रणइंदर सिंह और दामाद रमिंदर सिंह पर आरोप लगाया था कि पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान निजी बिल्डर को लाभ पहुंचाया गया, जिससे राज्य के खजाने को 1144 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा। कैप्टन ने एलआइटी अधिकारियों व अन्य लोगों के साथ मिलकर मैसर्ज टुडे होम्स का पक्ष लिया और बिड्स (निविदा) में छेड़छाड़ की। कैप्टन ने परियोजना को मंजूरी देने से इन्कार करने पर एलआइटी के चेयरमैन अशोक गरचा को हटा दिया था। विजिलेंस ने एलआइटी के तत्कालीन कार्यकारी अधिकारी दयाल चंद गर्ग से 40 लाख की रिश्वत की वसूली का दावा भी किया था। दिल्ली निवासी चेतन गुप्ता से एक पेन ड्राइव बरामद कर कैप्टन और उनके बेटे रणइंदर सिंह के खातों में मैसर्ज टुडे होम्स द्वारा कथित रूप से करोड़ों रुपये के लेन-देन के विवरण का दावा किया था।

सुधा मूर्ति बोलीं

टेल्को की पहली महिला इंजीनियर सुधा मूर्ति की कहानी, इंजीनियरिंग कालेज में 600 छात्रों में वह अकेली छात्रा थीं, केबीसी-11 में शिरकत करेंगी, फिनाले एपीसोड कल होगा प्रसारित

धारा के विपरीत बढ़ने वाले ही बदलाव लाने में सक्षम

एंटरटेनमेंट ब्यूरो, मुंबई

बहाव के विपरीत दिशा में बढ़ने वाले ही बदलाव लाते है। इसकी जीती जागती मिसाल हैं इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति। जिस दौर में महिलाओं को पढ़ाना-लिखाना भी जरूरी नहीं समझा जाता था, उस दौर में वह टेल्को की पहली महिला इंजीनियर बनी थीं। उन्होंने अपने जीवन से जुड़ी कई प्रेरणादायक बातों का रहस्योद्घाटन 'कौन बनेगा करोड़पति-सीजन-11' के फिनाले एपिसोड करमवीर में किया। यह एपिसोड 29 नवंबर को सोनी टीवी पर प्रसारित होगा।

महिला सशक्तिकरण की मिसाल सुधा मूर्ति के लिए पढ़ाई से लेकर नौकरी तक का सफर बेहद मुश्किलों भरा था। वह बताती हैं, 'वर्ष 1968 में इंजीनियरिंग करने का मन बनाया। पिता सरकारी डॉक्टर थे। मां शादी से पहले स्कूल टीचर थीं। इंजीनियरिंग करने की बात सुनते ही दादी ने कहा, इंजीनियरिंग कर ली, तो शादी के लिए बिरादरी में अच्छा लड़का नहीं मिलेगा। कुछ लोगों ने कहा कि लड़की का इंजीनियरिंग करना कल्पना से परे है।' इसमें काफी हद तक सच्चाई भी थी क्योंकि जिस कालेज में दाखिले के लिए आवेदन किया था, उसमें 600 विद्यार्थी थे, मैं अकेली लड़की थीं।

इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति के पैर छूते अमिताभ बच्चन। सौजन्य से - सोनी टीवी

बकौल सुधा 'प्रिंसिपल ने मेरे नंबरों के आधार पर मुझे दाखिला तो दिया, लेकिन तीन शर्तें थीं-पूरे इंजीनियरिंग कोर्स के दौरान मुझे साड़ी पहननी पड़ेगी, मैं कालेज कैंटीन नहीं जा सकती और किसी लड़के से बात नहीं कर सकती। पहली शर्त मुश्किल नहीं थी। दूसरी शर्त आसान थी क्योंकि कैंटीन इतनी खराब थी कि मैं वहां जाना ही नहीं चाहती थी। तीसरी शर्त का पालन एक साल तक किया। मैं रैंक होल्डर बन चुकी थी। अतः लड़कों ने ही मुझसे बात करना शुरू कर दिया था।'

उन्होंने बताया कि वर्ष 1974 में एमटेक करने के बाद अमेरिका जाने के लिए स्कॉलरशिप मिल गई। इसी दौरान 'टेल्को कंपनी (वर्तमान में टाटा मोटर्स) का एक नोटिस देखा, जिसमें युवा इंजीनियरों की जरूरत थी। वेतन 1500 रुपये महीना थी। नोटिस में लिखा था कि महिला विद्यार्थी आवेदन न करें। इस बात ने मुझे विचलित कर दिया! मैंने पोस्टकार्ड उठाया और गुस्से में लिखने बैठ गई। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में हमारे फाउंडर्स डे पर जेआरडी (जहांगीर रतनजी दादाभाई) टाटा आते थे। मैंने लिखा, 'डियर जेआरडी टाटा, टाटा परिवार औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आपने कई होटलों और टिस्को कंपनी का निर्माण किया है, लेकिन आपकी सोच बहुत पिछड़ी है। आप ऐसा कैसे कह सकते हैं कि महिलाएं नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर सकतीं? हमारे समाज में 50 फीसद महिलाएं हैं। यदि ऐसी ही सोच जारी रही तो हम कभी तरक्की नहीं कर पाएंगे।' मैंने पत्र पर मिस्टर जेआरडी टाटा, टेल्को, मुंबई लिखकर पोस्ट कर दिया। पता गलत था लेकिन उन्हें मेरा पत्र मिल गया। उन्होंने अपनी टीम से कहा, मेरा टेस्ट और इंटरव्यू लिया जाए ताकि उन्हें सही उम्मीदवार मिल सके। मैंने 10 लोगों के पैनल के सामने इंटरव्यू दिया। लग रहा था कि वो जानबूझकर मुझे फेल कर देंगे, लेकिन मैं पास हो गई और नौकरी मिल गई। इसके बावजूद मैं अमेरिका जाने वाली थी। इस पर पिताजी ने कहा, यदि मैं सचमुच ये मानती हूं कि इस क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व होना चाहिए, तो मुझे नौकरी करके इसे साबित करना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि तुम ऐसा नहीं करोगी तो यह महिलाओं के लिए गलत उदाहरण होगा। तुम्हारा कर्तव्य है कि तुम न सिर्फ यह नौकरी करो, बल्कि अच्छा प्रदर्शन भी करो। मैंने पिता की बात मानी और टेल्को में काम करने वाली पहली महिला इंजीनियर बन गई।' सुधा मूर्ति की प्रेरणादायक कहानी सुनकर अभिभूत शो के एंकर अमिताभ बच्चन ने उनका ऑटोग्राफ लेने के साथ उनके चरण भी छुए।

अंतरिक्ष में कामयाबी की एक और छलांग

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार को देश के अर्थ ऑब्जर्वेशन और मैपिंग सेटेलाइट कार्टोसैट-3 तथा 13 अमेरिकी नैनो सेटेलाइट को प्रक्षेपित किया गया। (पेज-16 भी देखें) प्रेट्र

- इसरो ने बुधवार सुबह 9 बजकर 28 मिनट पर कार्टोसैट-3 और 13 नैनो अमेरिकी सेटेलाइट को किया लांच
- 44.4 मीटर लंबे पीएसएलवी-सी 47 रॉकेट से सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया गया प्रक्षेपण
- प्रक्षेपण के 17 मिनट 46 सेकेंड बाद कार्टोसैट-3 और 26 मिनट 56 सेकेंड बाद अमेरिकी नैनो सेटेलाइट कक्षा में स्थापित
- 1625 किलोग्राम वजनी कार्टोसैट-3 सर्वाधिक रेजूलेशन वाला सेटेलाइट है। यह पांच साल तक करेगा काम